### एक नजर में

## ढाबों पर बिक रही अवैध शराब, बढ़ रहे अपराध

**भैंसदेही।** इन दिनों नगर के आस-पास संचालित ढाबों पर अवैध रूप से बिक रही शराब और उसके दुष्प्रभाव की चर्चा नगर में जोरों पर है।नगर के चारों ओर अवैध शराब की बिक्री के ठिकाने बन चुके इन ढाबों पर पुलिस और आबकारी का उदार रवैया क्यों है, समझ से परे है। आये दिन ढाबों पर शराब के नशे में धुत्त होते युवा वर्ग में होते आपसी विवादों से अपराध हो रहे हैं, लेकिन इन सब से बेसुध आबकारी अमले की उदासीनता को लेकर चर्चाओ का बाजार गर्म है,अभी बीते दिनों भैंसदेही गुदगांव मार्ग पर संचालित एक ढाबे पर हुऐ विवाद की चर्चा नगर में आम है ,वहीं भैंसदेही से भीमपुर जाने वाले मार्ग पर भी बे-रोक- टोक अवैध रुप से शराब की बिक्री और कुर्सी टेबल लगाकर बिना किसी अनुमति के ढाबों के संचालन की आड़ में शराब परोसी जा रही है।

## नर्मदापुरम संभाग के आईजी ने किया थाने का निरीक्षण

**मुलताई।** नर्मदापुरम संभाग के पुलिस महानिरीक्षक मिथिलेश कुमार शुक्ला ने शुक्रवार शाम मुलताई थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने पत्रकारों को बताया यह उनका रूटीन दौरा है. होशंगाबाद संभाग का मुलताई दूर का थाना है. किसी घटना विशेष को लेकर यह दौरान नहीं है। उन्होने सभी से शांति के साथ रहने की अपील करते हुए कहा,आगे भी शांति बनी रहेगी, समस्या का निदान ढूंढे। इस दौरान आईजी से नगर में बिग? हुए यातायात व्यवस्था के चलते यातायात आरक्षक की नियुक्ति करने की बात कही एवं आगामी 5 नवम्बर कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले ताप्ती में पुलिस व्यवस्था बनाने पुलिस बल कि व्यवस्था करने एवं कम पुलिस बल पर चर्चा की।

## माता-पिता की स्मृति में बांटे गर्म कपड़े

**मुलताई।** प्रभात पट्टन ब्लॉक के शासकीय माध्यमिक विद्यालय रगडगांव में शुक्रवार को बच्चों को गर्म कपड़े बांटे गए। इंदौर निवासी प्रमोद गुजरे एवं धनराज गुजरे द्वारा अपने स्वर्गीय माता पिता शांति देवी व बीवी गुजरे की पुण्य स्मृति में रगडगांव मिडिल स्कूल के 100 बच्चों को गर्म कपड़े बांटे गए। गेहूं बारसा संकुल प्राचार्य घनश्याम आज़ाद, सरपंच प्रवीण कुमरे,पीटीए अध्यक्ष कलीराम कुमरे एवं धनराज गुजरे ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।संकुल प्राचार्य घनश्याम आज़ाद ने कहा कि परोपकार सबसे बड़ा धर्म है। गुजरे परिवार द्वारा गरीब बच्चों को गर्म कपड़े प्रदान करना समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है।इस अवसर पर समाज सेवी सहदेव नागले,हीरवंती कुमरे एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## जिले में टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के शिविर होंगे आयोजित

**बैतूल।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए जिलेभर में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने आदेश जारी किया है। जारी आदेश के अनुसार जिले की विभिन्न बैंक शाखाओं में शिविरों का आयोजन 3 नवंबर से 14 नवंबर तक किया जाएगा। सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया में भीमपुर 3 नवंबर को पहला शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया रानीपुर में 4 नवंबर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया भैंसदेही में 6 नवंबर, बैंक ऑफ इंडिया चिचोली में 7 नवंबर, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कोलगांव में 8 नवंबर को शिविर आयोजित होगा।

# गंज मंडी कॉम्प्लेक्स की लागत 19 करोड़ पहुंची, फिर भी अधूरा

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 31 अक्टूबर. शहर के बहुप्रतीक्षित गंज मंडी कॉम्प्लेक्स का काम करीब सात साल से अधूरा पड़ा है।**

**सात साल पहले रखी थी कॉम्प्लेक्स की आधारशिला**

**कॉम्प्लेक्स नहीं बनने से दुकानदार परेशान**



भोपाल के ठेकेदार को निर्माण के लिए वर्क ऑर्डर जारी किए डेढ़ माह से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन ठेकेदार ने निर्माण स्थल पर अतिक्रमण का हवाला देकर काम शुरू करने से हाथ खड़े कर दिए है। बताया गया कि शुरुआती 10 करोड़ की लागत वाला यह प्रोजेक्ट अब 19 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है, पर काम की रफ्तार वहीं की वहीं है। यह इकलौता मंडी कॉम्पलेक्स है, जिसके निर्माण में हर स्तर पर रुकावटें आई हैं, चाहे वह लागत बढने की हो या फिर ड्राइंग डिजाइन बदलने की, हर स्तर पर रुकावटों का सामना कर रहे इस अधूरे मंडी कॉम्पलेक्स से सबसे ज्यादा नुकसान उन व्यापारियों का हुआ है जो गंज मंडी कॉम्पलेक्स के पूरा होने की आस लगाए बैठे हैं। दरअसल गंज में बनने वाला बहुमंजिला काम्प्लेक्स का निर्माण अभी भी अधूरा ही है। जानकारों द्वारा इसके पीछे मुख्य कारण, इस कॉम्प्लेक्स की ड्राइंग व डिजाइन बदली जाना बताया जा रहा है। जब मंडी काम्प्लेक्स का निर्माण की योजना बनाई थी, तब इसकी लागत करीब साढ़े 10 करोड़ रूपये थी, जो अब बढकर दोगुनी तक पहुंच गई है। यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि इस काम्प्लेक्स के लिए नपा को चौथी बार ड्राइंग डिजाइन बदलना पड़ा है। काम्प्लेक्स की बार-बार ड्राइंग डिजाइन बदलने से पुराने ठेकेदार ने बीच में ही काम छोड़ दिया था। बता दे कि गंज मंडी कॉम्प्लेक्स की आधारशिला वर्ष 2018 में तत्कालीन विधायक हेमंत खंडेलवाल ने रखी थी, लेकिन सात साल बीत जाने के बाद भी प्रोजेक्ट अधूरा है।

> बारिश की वजह से काम शुरू नहीं हो सका था। साइट पर अतिक्रमण कोई बड़ा मुद्दा नहीं है। तत्काल हटाकर काम शुरू करवा दिया जाएगा। ठेकेदार को बोल दिया गया है कि वह तत्काल काम शुरू करें।
>
> **- सतीश मटसेनिया,** सीएमओ नगरपालिका बैतूल

### 300 से अधिक दुकानों का प्रस्ताव

गंज मंडी कॉम्प्लेक्स में करीब 300 से अधिक दुकानों का निर्माण प्रस्तावित है। पहले ब्लॉक के भूतल पर लगभग 60 दुकानें पहले ही बन चुकी हैं। इन दुकानों के लिए विस्थापित व्यापारियों से नगरपालिका ने 1.20 लाख रुपए प्रति दुकान के हिसाब से राशि भी जमा कराई थी, लेकिन अब तक दुकानों का पजेशन नहीं दिया गया। लंबे समय से दुकानदार काम्प्लेक्स के पूरा होने का इंतजार कर रहे हैं। व्यापारियों का कहना है, 7 साल बीत गए, नगरपालिका काम्प्लेक्स पूरा नहीं कर पाई। अब हमें नहीं लगता कि एक-दो साल में भी यह तैयार होगा।

### टीन शेड और तारपोलिन में लग रहीं दुकानें

जब से गंज मंडी कॉम्पलेक्स का निर्माण शुरू हुआ है तभी से गंज का बाजार बुरी तरह से अव्यवस्थित हो गया है। कॉम्पलेक्स में जिन व्यापारियों ने दुकानें ली हैं, वे फिलहाल अव्यवस्थित रूप से लंबे समय से व्यापार करने को मजबूर हैं, कोई तारपोलिन लगाकर तो कोई टीन की टपरी में अपनी दुकान संचालित कर रहा है। सबसे बड़ी बात यह है कि अब लंबा समय बीत जाने के बाद व्यापारियों के भी सब्र का बांध फूट रहा है। आक्रोशित व्यापारियों का कहना है कि व्यापारियों की सुविधाओं को पूरी तरह से नजर अंदाज किया जा रहा है, इसलिए गंज के व्यापारी जनप्रतिनिधियों से भी कई बार मिलकर मंडी कॉम्पलेक्स निर्माण पूरा करने की गुहार लगा चुके हैं। बता दे कि मंडी कॉम्पलेक्स पूरा होता तो कई गुमठियां सडकों से हट जाती, वहीं व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था भी हो जाती, लेकिन दुकानों के घटाने-बढ़ाने और लागत बढने के फेर में लंबा समय हो गया।

## राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की ली शपथ

**मुलताई।** नगर के पीएम श्री शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में गायत्री परिवार के भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला समन्वयक गुलाब राव चिल्हाटे,उपजोंन समन्वय समिति सदस्य सम्पत राव धोटे,तहसील समन्वयक नारायण देशमुख एवं शिक्षक सुरेश पवार ने पी एम श्री कन्या स्कूल में जाकर बच्चों को आगामी 21,नवंबर 2025,को होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने हेतु मार्गदर्शन दिया । राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एवं लोह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर



स्कूल की छात्राओं के साथ शाला परिवार के शिक्षक,राजेश जैन,एम के शिक्षक चौकीकर के साथ शाला परिवार में उपस्थित शिक्षक, शिक्षिकाओं ने भी देश की आंतरिक सुरक्षा, एकता एवं अखंडता, बनाए रखने का संकल्प भी लिया,साथ गायत्री परिवार के परिजनों द्वारा स्कूल सहित शासकीय महाविद्यालय मुलताई में भी पहुंच कर आगामी 21 नवंबर 2025 को होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की फाइल प्रदान। परीक्षा में अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को शामिल करवाने प्राचार्य वर्षा खुराना से निवेदन किया।

**राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित हुई एकता दौड़ :** देश के प्रथम गृहमंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर नगर में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दौड़ आयोजित की गई लिस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नपा अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर, एसडीएम राजीव कहार, एसडीओपी एसके सिंह, तहसीलदार संजय बरैया, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार,भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश पवार, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों एंव नागरिकों द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर आयोजित एकता दौड़ में दौड़ लगाई गई। राष्ट्रीय एकता दिवस पर दौड़ हाई स्कूल मैदान से प्रारंभ होकर बस स्टैंड,जयस्तम्भ चौक, मुख्य मार्ग से होकर फव्वारा चौक पर सभी को एक भारत श्रेष्ठ भारत के लिए संकल्प दिलाकर दौड़ का समापन किया गया।

## लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई

**भौंरा। सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती को एकता दिवस के रूप में मनाया गया।**

इसमें रन फॉर यूनिटी के तहत दौड़ का आयोजन किया गया। यह दौड़ कन्या छात्रावास पुलिस चौकी के सामने से बिजासन माई मंदिर परिसर में संपन्न हुई, जिसमें क्षेत्रीय विधायक श्रीमती गंगा सज्जन सिंह उईके ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला एवं एकता और अखंडता के प्रति उनके द्वारा किए गए कार्य से लोग प्रेरणा लें। इसके लिऐ उपस्थित छात्र छात्र एवं जन समुदाय को प्रेरित किया। भौंरा भाजपा मंडल अध्यक्ष रिंकू




सिरोठिया सुधीर नायक जय किशोर मिश्रा पप्पू सारोठिया डॉ एमके सिकदर राजू साहू उत्तम वर्मा बबलू राठौर मोहित अग्रवाल अखिलेश राय रूपनारायण मालवीय दिलीप माधव दिलीप माधव मिन्नू राय संजीव विजयकर कमलेश ठेकेदार राजेशठेकेदार सुनील धुर्वे साहित एसडीओपी पुलिस शाहपुर टीआई शाहपुरभोरा चौकी प्रभारी एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र-छात्राएं सहित अन्य शामिल रहे।

## सड़क व कॉलोनियों में पशुओं का झुंड, जनता परेशान

**पाथाखेड़ा।** पाथाखेड़ा चौकी के सामने से रोड तक सैकड़ों पशु बेबसी का बन रहे शिकार मालिक बेसुध,प्रशासन की लापरवाही से बढ़ रहा हादसों का खतरा,नगर पालिका क्षेत्र में सड़कों और कॉलोनियों में खुलेआम घूम रहे पशु अब नागरिकों की सुरक्षा के लिए खतरा बन चुके हैं। शहर की गलियों से लेकर मुख्य मार्गों तक गाय, बैल और अन्य पशुओं का झुंड आम नज़ारा बन चुका है। स्थिति यह है कि दुर्घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा, बावजूद इसके पशुपालक बेफिक्र होकर चैन की नींद सो रहे हैं। जानकारी के अनुसार, कई बार सड़क हादसे घटित हो चुके हैं, जिनमें लोगों को गंभीर चोटें आईं, वाहन क्षतिग्रस्त हुए। इसके बावजूद पशुपालकों की लापरवाही कम नहीं हुई। पशुपालक अपने पशुओं का दूध दोहन करने के बाद उन्हें दिनभर सड़कों पर खुला छोड़ देते हैं। न तो उनके गले में पहचान पट्टी या बेल्ट लगाई गई है, न ही उन्हें बांधने की कोई व्यवस्था की गई है। शहरवासियों का कहना है कि जिला प्रशासन और नगर पालिका के अधिकारियों को कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, परंतु स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## अल्पविराम परिचय कार्यशाला संपन्न

**बैतूल। राज्य आनंद संस्थान,आनंद विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार मप्र जन अभियान परिषद बैतूल के समन्वय से जिले के विकासखंड शाहपुर में जनपद पंचायत सभागार मे एक दिवसीय अल्पविराम कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

कार्यशाला का शुभारंभ जिला समन्वयक श्रीमती प्रिया चौधरी मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद बैतूल मास्टर ट्रेनर्स डॉ महेश गुंजेले, दिलीप गीद, मास्टर ट्रेनर सुश्री तूलिका पचौरी द्वारा मां भारती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ किया गया। विकासखण्ड



समन्वयक संतोष राजपूत द्वारा मंचासीन अतिथियों का परिचय कराते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। प्रथम सत्र में डॉ.महेश गुंजेले ने कहा कि तनाव और नकारात्मक भावनाओं को कम करना ही अल्पविराम कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है। द्वितीय सत्र में तूलिका पचौरी द्वारा आनंद संस्थान की गतिविधियों से अवगत कराते हुए छोटी छोटी गतिविधियां कराई गई। उन्होने कहा कि जीवन का लेखा-जोखा बताते हुए सभी प्रतिभागियों को बताया कि हम अपने जीवन की कंपनी के स्वयं सीईओ हैं। हमें अपनी खुशियों की चाबी दूसरे के हाथ में नहीं देना है।

## पाथाखेड़ा में बंदरों का आतंक वार्डवासी परेशान

**पाथाखेड़ा।** पाथाखेड़ा नगर के विभिन्न वार्डों में इन दिनों काले मुंह और लाल मुंह वाले बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। घरों की छतों पर उछल-कूद मचाते, गलियों में दौड़ते और लोगों पर झपटते बंदरों से नागरिकों का जीना मुहाल हो गया है। स्थिति यह है कि कई बार बंदरों के झुंड द्वारा घरों की छतों की सीटे तोड़ी जा रही हैं, बच्चों और बुजुर्गों को घायल करने की घटनाएं भी सामने आ चुकी हैं। नगर पालिका अधिकारी के.के. भावसार ने बताया कि बंदरों की बढ़ती समस्या पर नियंत्रण के लिए नगर पालिका द्वारा एक ठेकेदार को बंदर पकड़ने का ठेका दिया गया है। अब तक कई बंदरों को पकड़कर भौंरा के जंगलों में छोड़ा जा चुका है। अधिकारी ने कहा कि नगर पालिका की टीम नियमित रूप से गाड़ियों के साथ बंदर पकड़ने का कार्य कर रही है। हालांकि स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कार्रवाई के दावों के बावजूद शहर में बंदरों की संख्या में कोई खास कमी देखने को नहीं मिल रही है। वार्डवासियों का कहना है कि अब तक सैकड़ों बंदरों को पकड़कर जंगलों में छोड़ा जा चुका है, तो फिर शहर में बंदर दिखाई कैसे दे रहे हैं?

## स्पर्धा में खिलाड़ियों ने दिखाया खेल कौशल

**सारनी।** जय बाबा मठारदेव समिति द्वारा आयोजित स्थानीय क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ शुक्रवार को सारनी के रामरख्यानी स्टेडियम में किया गया। स्पर्धा का शुभारंभ मुख्य अभियंता व्ही के कैथवार एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस एन सिंह ने किया।स्पर्धा का पहला मैच एमडी 11 एवं धमाडे लाइंस के बीच खेला गया। जिसमें धमाडे लाइंस 10 ओवर में 67 रन का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने हुए एमडी 11 की टीम 60 रन बनाकर पराजित हो गई। दूसरे मैच में धमादे लाइंस ने इक्का इलेवन को 52 रनों का लक्ष्य दिया। जिसे इक्का इलेवन ने मात्र 7 ओवर में पूरा कर मैच जीत लिया। परन्तु तीसरे मैच में इक्का इलेवन को एमडी 11 के हाथों मिली शर्मनाक हार की वजह से स्पर्धा से बाहर का रास्ता देखना पड़ा। इस मैच इक्का इलेवन की महज 28 रन पर ढेर हो गई। इस लक्ष्य को एमडी 11 ने मात्र दो ओवर में हासिल कर लिया। आयोजन समिति ने बताया कि 13 वार्डो में निवासरत खेल प्रतिभाओं को अवसर देने हेतु स्थानीय स्तर पर यह टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ गई है जिसका फाइनल मैच रविवार को संपन्न कराया जाएगा,विजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, इसी प्रकार उप विजेता टीम को भी नकद राशि व ट्रॉफी प्रदान करने के साथ ही गेंदबाजी, बल्लेबाजी,क्षेत्ररक्षण में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को भी ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। शुक्रवार खेले गए मैचों मेंमेन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों को बतौर अतिथि थाना प्रभारी जयपाल इनवाती द्वारा ट्रॉफी भेट प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।शुक्रवार खेले गए मैच में एम डी इलेवन को धमाडे इलेवन ने 7 रनों से हराया,तो इक्का इलेवन ने धमाडे इलेवन को 5 विकेट से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया जहां उसे एम डी इलेवन के हाथों शर्मनाक हार से प्रतियोगिता के बाहर होना पड़ा।

## 4 नवंबर से 4 दिसंबर तक डोर टू डोर जाएंगे बीएलओ

**सारनी।** मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण एसाईआर का कार्य मध्यप्रदेश में भी शुरू हो गया है।4 नवंबर से 4 दिसंबर तक डोर टू डोर बीएलओ जाकर मतदाता सूची को अपडेट करेंगे। नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया ने बताया कि इसी तारतम्य में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 130 आमला अंतर्गत सारनी क्षेत्र में आने मतदान केंद्र क्रमांक 01 से 97 तक के बीएलओ एवं बीएलओ के सुपरवाइजरों को मतदाता सूची के शुद्धिकरण हेतु मास्टर टेनर्स द्वारा एकीकृत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारनी में



एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।पथोरिया ने बताया कि म.प्र.में यह नोवाँ एसआईआर होने जा रहा हैं और इसकी प्रक्रिया 28 अक्टूबर से शुरू हो गई हैं इसमें बीएलओ 4 नवंबर से 4 दिसंबर 2025 तक डोर टू डोर जाकर मतदाताओं को गणना पत्रक(फार्म) का वितरण करेंगे और फार्म भरवाकर वापस प्राप्त करेंगे। एवं मतदाताओं का वैरीफिकेशन/मैपिंग का कार्य किया जावेगा। पथोरिया ने सारनी क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपील है, कि उक्त घर-घर सर्वे अवधि में जो मतदाता अस्थायी तौर पर मेहनत मजदूरी करने के लिए परिवार सहित बाहर गए हैं, तो वह सभी परिवार या उनके परिवार का कोई एक वयस्क सदस्य अनिवार्य रूप से घर पर मिलें। ताकि गणना पत्रक भरने की कार्यवाही पूर्ण हो सके। इसके बाद 9 दिसंबर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। एवं 9 दिसंबर से 8 जनवरी फिर 2026 तक दावे आपत्ति ली जाएगी। और सुनवाई की प्रक्रिया 31 जनवरी तक पूरी की जावेगी। एवं अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी,2026 को किया जावेगा।

**कार्यक्रम** | केंद्रीय राज्यमंत्री ने दिलाई एकता की शपथ, दिखाई हरी झंडी

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर बैतूल मुख्यालय पर एकता दौड़ का आयोजन

**बैतूल। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे देशभर में मनाया जा रहा है। इसी अवसर पर बैतूल जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में एकता दौड़ का आयोजन किया गया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय राज्यमंत्री (जनजातीय कार्य) दुर्गादास उईके उपस्थित रहे। केंद्रीय राज्यमंत्री श्री उईके ने सभी उपस्थितजन को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ का शुभारंभ किया। अपने उद्बोधन में श्री उईके ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय



एकता के शिल्पकार थे, जिनके अद्वितीय प्रयासों से भारत एक सशक्त और अखंड राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश उनके योगदान को नमन कर रहा है। एकता दिवस के ये कार्यक्रम प्रत्येक नागरिक में देशभक्ति, एकजुटता और संगठन की भावना को और सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबके संगठित प्रयासों से वर्ष 2047 तक भारत को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र बनाना है, यही प्रेरणा हमें सरदार पटेल के आदर्शों और आज के इस एकता दिवस से प्राप्त होती है। यह एकता दौड़ पुलिस परेड ग्राउंड से प्रारंभ होकर कारगिल चौक, जिला अस्पताल, कोठीबाजार पेट्रोल पंप, शिवाजी चौक होते हुए पुन: पुलिस ग्राउंड पर संपन्न हुई। दौड़ में बड़ी संख्या में स्कूली विद्यार्थी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष बैतूल श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, सुधाकर पवार, आनंद प्रजापति, पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला

सारनी। सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय एकता दिवस पूरे देशभर में मनाया जा रहा है। शुक्रवार को नए समाज कल्याण केन्द्र से शॉपिंग सेंटर अंबेडकर प्रतिमा स्थल तक एकता दौड़ आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक योगेश पंडाग्रे,नपा अध्यक्ष किशोर बरदे, एसडीओपी प्रियंका करचाम,पावर प्लांट चीफ इंजिनियर व्हीके कैथवार, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एस एन सिंह, मंडल प्रभारी राजेश आहूजा, टीआई जयपाल इवानाती, जिला महामंत्री कमलेश सिंह, योगेश बरदे, प्रकाश डोहरिया आदि मौजूद रहे। समापन अवसर पर बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर एवं सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया।

## नपा सारनी की बदहाल सड़कों से जनता बेहाल

**पाथाखेड़ा।** शहर की सड़कों की जर्जर हालत अब नागरिकों के लिए सिरदर्द बन चुकी है। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 1 से 36 तक की सड़कों का डामरीकरण पूरी तरह उखड़ चुका है। जगह-जगह गड्ढे, कीचड़ और असमतल सतहों ने आवागमन को बेहद खतरनाक बना दिया है। नागरिकों का कहना है कि घटिया निर्माण सामग्री और निगरानी की कमी के चलते लाखों रुपये खर्च करने के बाद भी सड़कें कुछ ही महीनों में बर्बाद हो गईं। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदारों ने केवल औपचारिकता निभाई है। कई जगह सड़कों पर महज ऊपर से डामर बिछा दिया गया, जिससे पहली ही बारिश में पूरा काम उखड़ गया। वहीं, जल आवर्धन योजना के तहत शहरभर में पाइपलाइन बिछाने के



लिए बार-बार सड़कों की खुदाई से स्थिति और दयनीय हो गई है। जहां सड़कें पहले ठीक थीं, उन्हें भी इस योजना के नाम पर खोदकर बर्बाद कर दिया गया। पाइपलाइन डालने के बाद बिना समतल किए सीमेंट-कंक्रीट से भराई कर दी गई, जिससे सड़कें ऊबड़-खाबड़ हो गई हैं। नागरिक बताते है कि शिकायतों के बाद भी ठोस कार्रवाई के संकेत नहीं मिले। बरसात में गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटनाओं का खतरा और बढ़ जाता है।

**इनका कहना है**

जल आवर्धन योजना के तहत ठेका कंपनी ने जो सड़कें खोदी हैं, उन्हें सुधारने की जिम्मेदारी भी उसी कंपनी की है। स्टीमेट के आधार पर उखाड़ी गई सड़कों का पुन: निर्माण कराया जाएगा।

**सीके मेश्राम, सीएमओ, नगर पालिका परिषद सारनी**